राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • बुधवार • 18 जनवरी • 2023

# ीएसए : कार्यवाहक कुलपति ने संभाला पदभार

ुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं ाकी विवि में कुलाधिपति व राज्यपाल द्वारा । कार्यवाहक कुलपति डॉ.विजेन्द्र सिंह ने ार को यहां पदभार ग्रहण कर लिया। यहां पर विवि के अधिकारियोंन्कर्मचारियों ने स्वागत किया। उन्होंने विवि अधिकारियों को हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने के निर्देश ।

ायोध्या कृषि विवि के कुलपति व सीएसए के ाहक कुलपति डॉ.सिंह ने पदभार संभालने के ादेशक, अधिष्ठाता व अन्य अधिकारियों के ाठक कर विवि में हो रहे शिक्षण, शोध व प्रसार की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ाता छात्र कल्याण से विद्यार्थियों को मेस में ा रहे भोजन व्यवस्था के वारे में भी जानकारी ावि से संबद्ध इटावा, लखीमपुर व कानपुर महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं से वात कर कार्यो व विद्यार्थियों की जानकारी ली। उन्होंने को विवि हित में निष्ठा से कार्य करने के दिये।

ावि प्रवक्ता डॉ.खलील खान ने वताया कि ाहक कुलपति ने वैठक के वाद जापानी कंपनियों ज्ञानिकों को शोध हेतु दिये जा रहे दलीपनगर प्रक्षेत्र का भ्रमण भी किया। उन्होंने विभिन्न



कृषि विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र व सब्जी अनुसंधान केंद्र का किया निरीक्षण। फोटो : एसएनबी

**अधिकारियों संग बैठक के साथ ही किया कृषि विज्ञान केन्द्र व सब्जी अनुसंधान केन्द्र का निरीक्षण**

प्रयोगशालाओं व दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया। यहां से वे कल्याणपुर स्थित सब्जी अनुसंधान केन्द्र पहुंचे व सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र सहित अन्य शोध व प्रसार कार्यो को देखा तथा और अधिक गतिशीलता लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर निदेशक प्रसार व कुलसचिव डॉ.अरविंद कुमार सिंह, सह निदेशक प्रसार डॉ.पीके राठी, निदेशक विजय कुमार यादव, डॉ.डीपी सिंह, डॉ.आरबी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 98
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 18 जनवरी, 2023

## फास्ट फॉरवर्ड

# सीएसए में नए कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने पदभार संभाला



**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मे मंगलवार को नए कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने पदभार संभाला। उन्होंने अपने कार्य दिवस के पहले दिन विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिष्ठाता एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर विश्वविद्यालय में हो रहे शिक्षण, शोध एवं प्रसार कार्यों व छात्र–छात्राओं को मेस में दिए जा रहे भोजन इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। नवागंतुक कुलपति ने इटावा, लखीमपुर एवं कानपुर स्थित महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं से शिक्षण व छात्र–छात्राओं की प्रगति के बारे में चर्चा करने के साथ सभी अधिकारी विश्वविद्यालय हित में निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

# सीएसए के नये कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने संभाला पदभार

## सब्जी अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिये



कानपुर, 17 जनवरी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के नवागंतुक कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने आज पदभार संभाल लिया है। नये कुलपति ने सीएसए के सभी निदेशक, अधिष्ठाता एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठकली और विश्वविद्यालय में हो रहे शिक्षण,शोध एवं प्रसार कार्यों की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण से छात्र-छात्राओं को मेस में दिए जा रहे भोजन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही इटावा, लखीमपुर एवं महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं से भी शिक्षण व छात्र-छात्राओं के बारे में प्रगति जानी और दिशा-निर्देश जारी किये। सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि बैठक उपरांत जापानी कंपनियों के वैज्ञानिकों को शोध हेतु दिए जा रहे दलीपनगर स्थित प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। कृषि विज्ञान केंद्र पर स्थित किसानों के लिए विभिन्न इकाइयों जैसे प्राकृतिक खेती वर्मी कंपोस्ट इकाई मृदा परीक्षण प्रयोगशाला को भी देखा और दस्तावेजों का निरीक्षण किया। शाम को कल्याणपुर स्थित सब्जी अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया तथा सब्जी उत्कृष्टता केंद्र को भी देखा और शोध व प्रसार कार्यों को और अधिक गतिशीलता के लिए निर्देशित भी किया। इस अवसर पर कुलसचिव डा. अरविंद कुमार सिंह, सह निदेशक प्रसार डॉ पीके राठी, निदेशक सुधार विजय कुमार यादव, डॉ डीपी सिंह, डॉ आरबी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रहस्य संदेश

RNI. NO. UPHIN/2007/20715

एटा से प्रकाशित, बुधवार, 18 जनवरी, 2023 पृष्ठ: 8 मूल्य: 50 पैसा मात्र


## अलीगढ

# सीएसए के नवागंतुक कुलपति डा0 विजेंद्र सिंह ने संभाला पदभार, बैठक कर अधिकारियोंको दिए आवश्यक दिशा निर्देश





(अनवर अशरफ)। कानपुर (रहस्य संदेश)चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के नवागंतुक कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने आज पदभार संभाल लिया है। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों,कर्मचारियों ने नए कुलपति का स्वागत फूलध्मालाओं और गुलदस्ते के साथ किया। नए कुलपति ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिष्ठाता एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर विश्वविद्यालय में हो रहे शिक्षण,शोध एवं प्रसार कार्यों की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण से छात्र–छात्राओं को मैस में दिए जा रहे भोजन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।इसी प्रकार से इटावा,लखीमपुर एवं कानपुर स्थित महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं से भी शिक्षण व छात्र–छात्राओं के बारे में प्रगति जानी तथा निर्देशित किया कि सभी अधिकारी विश्वविद्यालय हित में निष्ठा पूर्वक कार्य करें। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि बैठक उपरांत जापानी कंपनियों के वैज्ञानिकों को शोध हेतु दिए जा रहे दलीपनगर स्थित प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। तत्पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र पर स्थित किसानों हेतु विभिन्न इकाइयों जैसे प्राकृतिक खेती वर्मी कंपोस्ट इकाई मृदा परीक्षण प्रयोगशाला को भी देखा और दस्तावेजों का निरीक्षण किया। तत्पश्चात देर सायं कल्याणपुर स्थित सब्जी अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया तथा सब्जी उत्कृष्टता केंद्र को भी देखा और शोध व प्रसार कार्यो को और अधिक गतिशीलता के लिए निर्देशित भी किया। जिससे किसान अधिक लाभान्वित हो।इस अवसर पर निदेशक प्रसार एवं कुलसचिव डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह, सह निदेशक प्रसार डॉ पीके राठी, निदेशक सुधार विजय कुमार यादव, डॉ डीपी सिंह, डॉक्टर आरबी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण कानपुर 18/01/2023

# डा. पीके उपाध्याय को फिर बनाया कुलसचिव

कानपुर : सीएसए विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह से पूर्व बीमार हुए कुलसचिव डा. पीके उपाध्याय को दोबारा कुलसचिव नियुक्त किया गया है। निदेशक प्रशासन डा. नौशाद खान ने बताया कि 11 जनवरी को हुए दीक्षा समारोह से पहले डा. उपाध्याय के बीमार होने के कारण कुलसचिव का प्रभार डा. धर्मराज को सौंपा गया था। जासं

अमर उजाला कानपुर 18/01/2023

# कुलपति ने डीन से पूछा, मेस में कैसा मिल रहा खाना



सीएसए के अधिकारियों संग बैठक करते प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह। संवाद

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिष्ठाता और अधिकारियों के साथ बैठक कर शिक्षण, शोध और प्रसार कार्यों की जानकारी ली। अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीन स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. मुनीष से पूछा कि छात्र-छात्राओं को मेस में कैसा भोजन दिया जा रहा है। निर्देश दिए कि मेस में पौष्टिक भोजन मिले।

मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि कुलपति ने जापानी कंपनियों के वैज्ञानिकों को शोध के लिए दिए जा रहे कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) दलीपनगर के प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। केवीके में प्राकृतिक खेती, वर्मी कंपोस्ट इकाई और मृदा परीक्षण प्रयोगशाला को भी देखा। देर शाम कल्याणपुर स्थित सब्जी अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर निदेशक प्रसार डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह, डॉ पीके राठी, डॉ. विजय कुमार यादव और डॉ डीपी सिंह आदि मौजूद रहे। (ब्यूरो)

हिंदुस्तान कानपुर 18/01/2023

# डॉ. बिजेंद्र ने संभाला सीएसए का चार्ज



कानपुर। सीएसए के नए कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने मंगलवार को पदभार संभाल लिया। विवि पहुंचते ही डॉ. सिंह ने ताबड़तोड़ बैठक कर विवि में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। फिर कल्याणपुर स्थित सब्जी अनुसंधान केंद्र और दलीप नगर स्थित केवीके का निरीक्षण भी किया। डॉ. बिजेंद्र सिंह कृषि विवि अयोध्या के कुलपति हैं और उन्हें सीएसए का अतिरिक्त कार्यभार राज्यपाल ने सौंपा है।

मंगलवार सुबह विवि पहुंचे कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद सभी निदेशक, अधिष्ठाता व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर विश्वविद्यालय में हो रहे शिक्षण, शोध व प्रसार कार्यों की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

एक नजर में

दैनिक जागरण कानपुर 18/01/2023



पदभार संभालने के बाद निरीक्षण करते कुलपति डा. विजेंद्र सिंह • जागरण

# सीएसए में कार्यवाहक कुलपति ने संभाला पद

**कानपुर :** अयोध्या स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेन्द्र सिंह ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया। डा. सिंह ने सबसे पहले बैठक कर शिक्षण, शोध व प्रसार कार्यों की जानकारी ली। मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि बैठक के बाद उन्होंने 20 तारीख को जापानी विशेषज्ञों के विश्वविद्यालय में आने के बाबत हो रही तैयारियों के बारे में पूछताछ की और इन विशेषज्ञों को शोध के लिए दिए जा रहे दलीपनगर स्थित प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। जासं